NEW ERA PUBLIC SCHOOL RAJBAGH

SOLVED ASSIGNMENT OF TERM II

CLASS: 3rd SESSION 2021

SUBJECT : HINDI Pg no 1

पाठ - 15.

बीस का चार ......?

शब्द ज्ञान

क्षमा = माफ़ी , मायूस = उदास , प्रतीक्षा = इंतज़ार
विश्वास = भरोसा , गद्गद् हो जाना = बहुत खुश होना , पलक झपकते ही = एक क्षण में ही।

मौखिक :

1. बालक क्या बेच रहा था ?
उ० : बालक लकड़ी की छड़ियाँ बेच रहा था।

2. बालक का चेहरा खुशी से क्यों चमक उठा ?
उ० : बालक का चेहरा खुशी से इसलिए चमक उठा क्योंकि सेठ जी ने उससे एक साथ चार छड़ियाँ देने के लिए कहा।

3. सेठ जी छड़ी लेने के लिए क्यों राज़ी हो गए ?
उ० : बालक के भोले-भाले चेहरे के पीछे छिपी मज़बूरी को सेठ जी ने भाँप लिया इसलिए वे बालक से छड़ी लेने को

तैयार हो गए।

4. सेठ जी कहाँ रहते थे ?
उ०: सेठ जी करीम पुरा, गली नं. चार में रहते थे।

5. बालक सेठ जी को पैसे लौटाने में असमर्थ क्यों रहा ?
उ०: बालक सेठ जी को पैसे लौटाने में असमर्थ इसलिए था क्योंकि उसकी टक्कर एक लॉरी से हो गई जिससे उसके बाएँ पैर की हड्डी टूट गई थी।

बहुवैकल्पिक प्रश्न

1. सही उत्तर पर (✓) का निशान लगाएँ :
क, सेठ जी ने कितने रुपये का नोट जेब से निकाला ?
1000 [X] , 100 [X] 10 [X] , 500 (✓)

ख, छड़ी किस चीज़ की बनी थी ?
कागज की (X) , चमड़े की (X)
प्लास्टिक की (X) , बाँस की (✓)

ग, बालक की कौन हड्डी टूट गई थी ?
हाथ की (X) , पैर की (X)
बाएँ पैर की (✓) , टाँग की (X)

Scanned with CamScanner

९. इन शब्दों को ठीक क्रम में पूरे वाक्य बनाकर लिखें :

क, गई हो थी एक टक्कर से उसकी लॉरी

उ० : उसकी टक्कर एक लॉरी से हो गई ।

ख, मछलियाँ से जाल है मछुआरा पकड़ता

उ० : मछुआरा मछलियाँ जाल से पकड़ता है ।

ग, बैठ उनका फूलों रस कर तितली है पर चूसती

उ० : तितली फूलों पर बैठ कर उनका रस चूसती है ।

घ, बैठती अंडों स्वयं कोयल पर अपने नहीं

उ० : कोयल स्वयं अपने अंडों पर नहीं बैठती ।

ङ, है से फटे - पुराने तैयार जाता कागज़ कपड़ों किया

उ० : फटे - पुराने कपड़ों से कागज़ तैयार किया जाता है ।

च, रहा दे माली फूलों पानी को है

उ० : माली फूलों को पानी दे रहा है ।

3. कालम 'अ' का कालम 'ब' से मिलान करें :

| कालम 'अ' | कालम 'ब' |
|---|---|
| 1. बाँस | कुर्सी (2) |
| 2. लकड़ी | बाँसुरी (1) |
| 3. ऊन | जूते (4) |
| 4. चमड़ा | स्वेटर (3) |
| 5. पानी | गेंद (6) |
| 6. रबड़ | बर्फ (5) |

## पाठ - 16.
## मछलियाँ

**शब्द ज्ञान**

दुम = पूँछ, सागर = समुद्र, वजन = भार, छिछला = मैला कुचैला (गंदा), खुश्की = सूखी जगह, गहरा = गंभीर (बहुत नीचे तक), प्राणवायु = जीवन देने वाली हवा, विराटकाय = बहुत बड़ा।

**मौखिक :**

1. क्या सभी मछलियाँ पानी के बिना नहीं रह सकती ?

उ० : कुछ मछलियाँ ऐसी भी हैं जो खुश्की (बिना पानी के) पर भी कई दिनों तक जीवित रह सकती हैं।

2. पाठ में किन - किन मछलियों के विषय में चर्चा की गई है ?

उ०: पाठ में मड स्कीपर, व्हेल, शार्क, लंग फिश और ईल मछलियों के विषय में चर्चा की गई है।

3. 'व्हेल बोन' से क्या-क्या बनाया जाता है?
उ०: 'व्हेल बोन' से ब्रश, खास किस्म की पोशाकें और सैनिकों के टोप बनाए जाते हैं।

1. पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति करें:

क, आमतौर पर मछलियों के फेफड़े नहीं होते।

ख, मड-स्कीपर केवल अपनी दुम पानी में रख कर खुश्की पर रह सकती है।

ग, व्हेल मछली का वज़न 4200 मन के करीब होता है।

घ, शार्क मछली के कलेजे का तेल बहुत पौष्टिक माना जाता है।

ङ.) ईल एक सर्पकार मछली है।

2. नीचे दिए गए अनुच्छेद को उचित शब्द भरकर पुरा कीजिए:
व्हेल मछली का जबड़ा 60-80 फुट लंबा

और 90-100 फुट चौड़ा होता है। इसकी सारी शक्ति इसकी दुम में होती है। इसके शरीर में 8000 गैलन के करीब तेल है। इसकी तेल मशीनों में और साबुन बनाने के काम आता है। इसके मुँह की हड्डी से ब्रश, पौशाके और सैनिकों के टोप बनाए जाते हैं।

---

## पाठ - 17.

## रक्षा बंधन

**शब्द ज्ञान**

उपहार = भेंट, दर्शाते = दिखाते, त्योहार = पर्व, प्रचलन = प्रचार, संकल्प = प्रतिज्ञा, समर्पित = न्योछावर

मौखिक :

1. रक्षा बंधन कब मनाया जाता है?

उ०: रक्षा बंधन का त्योहार श्रावण मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है।

२. महाभारत में किसका वृतांत मिलता है?
उ० : महाभारत में द्रोपदी द्वारा श्री कृष्ण और कुन्ती द्वारा अभिमन्यु को राखी बाँधने के वृतांत मिलते है।

३. इस त्योहार का क्या महत्व है?
उ० : इस दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर राखी बाँधती हैं और भाई अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए अपना स्नेह भाव दर्शाता है।

२. नीचे दिए गए शब्दों को सही ढंग से लिखें :

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. मअभिन्यु | = अभिमन्यु | २. हशाबाद | = बादशाह |
| ३. नप्रचल | प्रचलन | ५. कीसऐहाति | ऐतिहासिक |

३. वाक्य पूरे करें :

क, प्रिया बहुत खुश थी क्योंकि उसे आज सुंदर उपहार मिलने थे।

ख, माँ रसोई में गई क्योंकि उसे काम करना था।

ग, बुआ जी प्रिया - राहुल के घर आई क्योंकि उन्होंने राहुल के पिता की कलाई पर राखी बाँधनी थी।

घ, राणा सांगा की पत्नी ने हुमाँयू को राखी बाँधी क्योंकि उसने मेवाड़ राज्य की रक्षा की ।

ङ, माँ ने सबको खाने की मेज पर बुलाया क्योंकि सबने खाना खाना था ।

## पाठ - 18

## सोने का कंगन

शब्द ज्ञान
युक्ति = तरीका , पुकारना = बुलाना , हमला = आक्रमण , भयानक = डरावना , राहगीर = रास्ते पर चलने वाला , व्यापारी = व्यापार करने वाला , प्रायश्चित = पछतावा ।

मौखिक
1. व्यापारी कब और कहाँ से गुजर रहा था ?
उ० : व्यापारी दोपहर के समय घने जंगल से गुजर रहा था ।

2. व्यापारी को देख कर शेर ने क्या किया ?
उ० : व्यापारी को देख कर शेर ने उसपर हमला बोल दिया ।

3. अपनी भूख मिटाने के लिए शेर ने क्या किया ?

उ० : अपनी भूख मिटाने के लिए शेर ने आराम से व्यापारी के माँस से दावत मनाई।

५. शेर का प्रायश्चित कैसे हुआ ?

उ०: कंगन इंसान का था और उसी के पास वापस जा चुका था। इसी से शेर के पापों का प्रायश्चित हुआ।

बहुवैकल्पिक प्रश्न

1. सही विकल्पों पर (✓) का निशान लगाएँ :

क, व्यापारी ने क्या पहना हुआ था ?

अंगूठी (X) , चूड़ियाँ (X)

सोने का कंगन (✓) , पायल (X)

ख, शेर ने कैसे दावत मनाई ?

व्यापारी का माँस खाकर (✓)

जानवर का माँस खाकर (X)

पीजा , बर्गर खाकर (X)

कृष्णा का माँस खाकर (X)

ग, कृष्णा किस का नाम था ?

एक व्यापारी का (X), एक चतुर व्यापारी का (✓)

एक शेर का (X) , शेर के दोस्त का (X)

घ, शेर का प्रायश्चित कैसे हुआ ?
सभी व्यापारियों को मार कर (x)
आँखें बंद करके सोने से (x)
कंगन वापस कर के (✓)
कंगन हाथ में पहन कर (x).

1. रेखांकित शब्दों के समान अर्थ वाले पर्यायवाची शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति करें :

क, भारत में कई पहाड़ हैं। सबसे ऊँचा पर्वत है।

ख, जंगल से राहगीर हो कर गुज़रे। उनमें से एक पथिक बहुत चतुर था।

ग, वृक्ष धरती की संपदा है। पेड़ को मत काटो।

घ, गंगा नदी का जल पवित्र माना जाता है। इसके नीर से स्नान करना अच्छा माना जाता है ?

ङ, शेर धीरे-धीरे बूढ़ा होने लगा। वृद्ध होने पर वह अपना शिकार नहीं ढूंढ सकता था।

## पाठ - 20

## भेड़िया और मेमने

शब्द ज्ञान

साधु = संत , चखना = स्वाद लेना, अशांति = परेशानी, टकराना = टक्कर होना , लहू - लुहान = खून से सना हुआ, कुचल जाना = मार डालना ।

मौखिक

1. मेमने क्यों लड़ रहे थे ?

उ० : मेमने आपस में किसी बात को लेकर लड़ रहे थे ।

2. भेड़िया कहाँ खड़ा था और क्या कर रहा था ?

उ०:- एक पेड़ के पीछे एक भेड़िया खड़ा था और उनकी लड़ाई देखकर खुश हो रहा था ।

लिखित :

क, भेड़िया मन ही मन क्या सोच रहा था ?

उ० : भेड़िया मन ही मन यह सोच रहा था कि ये दोनों मेमने लड़ते - लड़ते थक जाएँगे और बेहोशी की हालत में होंगे । मैं आराम से जाऊँगा और उनको खा कर अपनी भूख मिटाऊँगा ।

Scanned with CamScanner

ख, आपके विचार से मेमनों में बहस क्यों हुई होगी ?
उ० : मेरे विचार से मेमनों में बहस घास को खाने को लेकर हुई होगी ।

ग, साधु भेड़िया को क्यों रोकना चाहता था ?
उ० : साधु भेड़िया को इसलिए रोकना चाहता था क्योंकि वह उसने सोचा ~~क~~ वह मेमनों का खून तो पीना चाहता है पर उसे यह नहीं पता कि इस लालच में वह अपनी जान गँवा सकता है ।

1. सही पर (✓) और गलत पर (x) का निशान लगाएँ :
क, मेमने और भेड़िया दोनों लड़ रहे थे । (x)
ख, भेड़िया मेमने का माँस खाना चाहता था । (✓)
ग, साधु ने भेड़िये को आगे न बढ़ने के लिए कहा । (✓).
घ, भेड़िया मेमने का खून पीना चाहता था । (✓)
ङ.) हमें दूसरों की अशांति देख कर खुश होना चाहिए । (x).

Scanned with CamScanner

# हिन्दी व्याकरण

## निबंध

### मेरा परिवार

मेरा परिवार संयुक्त परिवार है। इसमें बारह सदस्य हैं। मैं भाइयों और बहनों में सबसे छोटी हूँ। पिताजी रिटायर हो चुके हैं। परिवार का सारा भार दोनों बड़े भाइयों के कंधों पर है। परिवार के सभी लोग बूढ़े माता-पिता का पूरा ध्यान रखते हैं। मेरे परिवार का हर छोटा-बड़ा काम माता-पिता की सलाह से ही होता है।

हम सब बहन-भाई बड़े प्यार से रहते हैं। मेरे परिवार के पुरुषों और स्त्रियों में बहुत स्नेह है। मेरी माताजी परिवार के सदस्यों का पूरा ध्यान रखती हैं। मेरे परिवार में स्नेह के कारण हमेशा प्रेम का अमृत बरसता रहता है। मेरे परिवार की उन्नति का यही मूलमंत्र है। इसके कारण परिवार को हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त होती रहती है।

(मेरी प्रिय पुस्तक) Already done in Unit 3.

Scanned with CamScanner

प्रधानाचार्य को प्रार्थना - चरित्र संबंधी प्रमाण पत्र लिखें।

प्रतिष्ठा में
श्रीयुत प्रधानाचार्य
न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल
राजबाग (श्रीनगर)
दिनांक ..........

महोदय,
सविनय निवेदन है कि मैंने इस वर्ष तीसरी कक्षा आपके विद्यालय से उत्तीर्ण की है। पिताजी का तबादला मुंबई हो गया है। मुझे भी परिवार के साथ मुंबई जाना है। वहाँ नए विद्यालय में प्रवेश लेने के लिए चरित्र संबंधी प्रमाण - पत्र की जरूरत पड़ेगी। अतः मुझे प्रमाण - पत्र देकर कृतार्थ करें।

सधन्यवाद
आपकी आज्ञाकारी शिष्या,
क, ख, ग
कक्षा - तीसरी

पुस्तक विक्रेता को पुस्तके मँगवाने के लिए पत्र लिखें
Already done in Unit 3 Assignment

Scanned with CamScanner

## विलोम शब्द (31-36)

| | |
|---|---|
| 31. उत्कृष्ट | निकृष्ट |
| 32. निर्मल | मलिन |
| 33. उपकार | अपकार |
| 34. शोक | हर्ष |
| 35. महँगा | सस्ता |
| 36. सज्जन | दुर्जन |

## पर्यायवाची शब्द (1-12)

| | |
|---|---|
| 1. सोना | कंचन, कनक, स्वर्ण, हेम। |
| 2. वसंत | मधुऋतु, ऋतुपति, ऋतुराज। |
| 3. तालाब | जलाशय, ताल, तड़ाग, सरोवर। |
| 4. अश्व | घोड़ा, वाजि, हय, तुरंग। |
| 5. बादल | मेघ, घन, नीरद, जलद। |
| 6. दूध | गोरस, पय, दुग्ध, क्षीर। |
| 7. जल | पानी, नीर, वारि, सलिल। |
| 8. पक्षी | विहग, खग, नभचर, पंछी। |
| 9. सरस्वती | वाणी, भारती, गिरा, श्वेतांबरा। |
| 10. नेत्र | आँख, चक्षु, नयन, लोचन। |
| 11. शेर | मृगराज, सिंह, केहरी, शार्दूल। |
| 12. सूर्य | सूरज, भास्कर, प्रभाकर, दिनेश। |

मुहावरे (31-35)

## मुहावरों के अर्थ लिखे

| | |
|---|---|
| 31. जमीन पर पैर न रखना | बहुत घमंड होना। |
| 32. झंझट मोल लेना | जानकर झगड़े में पड़ना। |
| 33. संकल्प करना | दृढ़ निश्चय करना। |
| 34. साँस उखड़ना | बहुत थक जाना। |
| 35. हाथ पसारना | याचना करना। |

प्र01 → विशेषण किसे कहते हैं
उत्तर → संज्ञा अथवा सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्द 'विशेषण' कहलाते हैं। जैसे: दैनिक, वीर, रोगी, ओजस्वी, हँसोड़, वैसा, कैसा, लड़ाका, सड़ियल आदि।

प्र02 → क्रिया किसे कहते हैं
उत्तर → जिन शब्दों के द्वारा किसी कार्य के करने अथवा होने का बोध होता है, उन्हें 'क्रिया' कहते हैं। जैसे: दौड़ना, आना, जाना, उठना, बैठना, लड़ना, मरना आदि।

Scanned with CamScanner